जीवाजी विश्वविद्यालय,ग्वालियर

क्रमांकः जीवि/परीक्षा-2/गोपनीय/2020/1109 दिनांक : 20.10.2020

अति आवश्यक

प्रति,

समस्त प्राचार्य/प्राचार्या/विभागाध्यक्ष/निदेशक/समन्वयक
समस्त सम्बद्व शासकीय/अशासकीय/अनुदानित महाविद्यालय एवं अध्ययनशाला
जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर (म.प्र.)

विषयः- स्नातक - बी.ए., बी.कॉम. एवं बी.एससी. **द्वितीय वर्ष** वार्षिक मुख्य परीक्षा (संस्थागत/भूतपूर्व एवं पूरक द्वितीय अवसर) (दूरस्थ शिक्षण पद्धति) परीक्षा मार्च - अप्रैल 2020 के आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा के अंक एम0पी0 ऑनलाइन पोर्टल अपडेट करने वावत्।

सन्दर्भः- म0प्र0 शासन उच्च शिक्षा विभाग(मंत्रालय) के आदेश क्रमांक एफ 770/2020/38-3 दिनांक 13.08.2020 एवं क्रमांक 811/969/2020/38/शा.-3 दिनांक 26.08.2020 के तहत सत्र 2019-20 की स्नातक/स्नातकोत्तर परीक्षाओं के संदर्भ में विस्तृत दिशा निर्देश जारी किये गये हैं।

महोदय/महोदया,

शासन के निर्देशानुसार बी.ए., बी.कॉम. एवं बी.एससी. द्वितीय वर्ष वार्षिक मुख्य परीक्षा (संस्थागत/भूतपूर्व एवं पूरक द्वितीय अवसर) (दूरस्थ शिक्षण पद्धति) परीक्षा मार्च - अप्रैल 2020 का परीक्षा परिणाम आंतरिक मूल्यांकन के प्राप्तांको के आधार पर घोषित किया जाना है।

आपको यह भी विदित कराया जाता है कि, समस्त नियमित/भूतपूर्व परीक्षार्थियों के प्रायोगिक अंक म0प्र0 शासन के दिशा निर्देशों के परिपालन में विश्वविद्यालय द्वारा विषय के आंतरिक मूल्यांकन के आधार पर ही स्वंय परिवर्तित किये जायेंगे।

अतः उक्त संबध में सूचित किया जाता है कि बी.ए., बी.कॉम. एवं बी.एससी. द्वितीय वर्ष वार्षिक मुख्य परीक्षा (संस्थागत/भूतपूर्व एवं पूरक द्वितीय अवसर) (दूरस्थ शिक्षण पद्धति) परीक्षा मार्च - अप्रैल 2020 समस्त परीक्षार्थियों के आंतरिक मूल्यांकन के अंक दिनांक **30 -10-2020** तक अनिवार्य रूप से अपडेट करें। जिससे परीक्षार्थियों के परीक्षा परिणाम घोषित किये जा सकें।

आप यह सुनिश्चित करें कि, किसी भी परीक्षार्थी के आंतरिक मूल्यांकन के अंक अपडेट करने से शेष न रहें। विश्वविद्यालय द्वारा आंतरिक मूल्यांकन के अंक अपडेट न होने की दशा में छात्र को अनुपस्थित मानकर परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया जावेगा। जिसका समस्त उत्तरदायित्व छात्र का स्वंय का एवं महाविद्यालय के प्राचार्य के स्वंय का होगा। विश्वविद्यालय द्वारा किसी भी परिस्थिति में छात्र के आफलाइन आंतरिक मूल्यांकन के अंक मान्य नहीं किये जावेगे।

निर्देशानुसार आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपिः-

1. समस्त प्राचार्य/प्राचार्या, सम्बद्व शासकीय/अशासकीय महाविद्यालय, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
2. विभागाध्यक्ष/निदेशक/समन्वयक, दूरस्थ शिक्षण अध्ययनशाला, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
3. कुलपति के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
4. कुलसचिव के निज सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
5. उप/सहा. कुलसचिव(परीक्षा/गोपनीय), जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
6. श्री संजय बरथरिया एम0पी0ऑनलाइन प्रभारी, की ओर आवश्यक रूप से पोर्टल की लिंक खोले जाने संबंधी आवश्यक कार्यवाही हेतु सूचनार्थ।

उप/सहायक कुलसचिव(गोपनीय)